झुंझार सिंह स्मारक से विशाल तिरंगा रैली निकाली

प्रेरणा: नेहरा पहाड़ की सर्वोच्च चोटी पर फहराया तिरंगा

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। झुंझुनूं के संस्थापक वीर झुझार सिंह संस्थान के सानिध्य में आजादी के अमृत महोत्सव पर लगातार पांचवें वर्ष तिरंगा रैली का आयोजन झूंझा स्मारक से नेहरा पहाड़ तक किया गया। जहां उसकी तलहटी से पर्वतारोही एवं सैनिकों ने सर्वोच्च शिखर पर विशाल तिरंगा फहराया। संस्था के अध्यक्ष सुरेश जाखड़ ने बताया कि रैली को जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग, भाजपा नेता शुभकरण चौधरी, नगर परिषद आयुक्त राकेश कुमार एवं डीएसपी गोपाल ढाका ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उससे पूर्व स्मारक स्थल पर हरियालो राजस्थान के तहत संस्था के पदाधिकारी एवं अतिथियों द्वारा आम तथा बिल के पौधे लगाए। मुख्य अतिथि कलेक्टर ने संस्था की ओर से निरंतर राष्ट्रहित में तिरंगा यात्रा, पौधारोपण, योग शिविर तथा कल्याणकारी कार्यों की प्रशंसा कर बधाई प्रेषित की। शुभकरण चौधरी ने तिरंगा यात्रा को आगामी पीढ़ी में देशभक्ति की प्रेरणा के लिए महत्ती बताया। तिरंगा यात्रा सैनिकों, युवाओं, प्रबुद्धजनों और महिलाओं ने शहर के मुख्य मार्ग, चौराहों से होते हुए 5 किमी दूरी तय कर नेहरा पहाड़ की तलहटी में पहुंची। तत्पश्चात वहां से प्रतिवर्ष की भांति नेशनल यूथ आइकॉन वकील विजयहिंद जालिमपुरा एवं कप्तान मोहनलाल के नेतृत्व में 1200 मीटर ऊंचे नेहरा पहाड़ की चोटी पर विशाल तिरंगा फहराया गया। पर्वतारोहियों के इस दल में कप्तान विनोद पावड़िया, रतिराम कस्वां, नवीन कालेर, अंकित महला, जय महला, सुदीप कृष्णिया, नितिन नेहरा, अमन राव, संदीप डिग्रवाल, सुरेश कुमार, अब्दुल, अरमान फरमान और मोहमद सम्मिलित रहे। जिन्होंने मां भारती के जयघोष करते हुए चोटी पर चढ़ाई की। इससे पूर्व स्मारक स्थल से संस्था संरक्षक डॉ. हनुमान प्रसाद, सचिव बलबीर नेहरा, प्रबंधक महेंद्र चौधरी, सह सचिव बनवारी जाखड़, बाबूलाल थालौड़ और खेल अधिकारी राजेश ओला की अगुवाई में डीजे की देशभक्ति गीत और गानों पर बाइक रैली संपन्न हुई। रैली के दौरान रामकुमार झाझड़िया, महेश नेहरा, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के रामनिवास डूडी, धर्मपाल भांबू, सुभाष बिशु, प्रताप सिंह पूनियां, एक्स सर्विस लीग के कप्तान अमरचंद खेदड़, रामनिवास नीतड़, नवरत्न टीम के सत्येंद्र मांजू, शीशराम नेहरा, रामेश्वर बाटड़, सहीराम सोहू, योगाचार्य पवन सैनी, संपत बारूपाल, राजेंद्र कुमावत, प्रमोद जानूं, विजय जाखड़, विजय गोपाल, दयानंद सिंह, आशीष नेहरा, डॉ. विनय काजला, दीपक चौधरी, शकुंतला नेहरा, सरिता, दयाराम पूनियां, कप्तान मोहरसिंह नेहरा, अशोक नेहरा, मोहन लाल डोटासरा और युवा साथी उपस्थित रहे।

जीबी मोदी विद्या मंदिर में पौधारोपण व तिरंगा रैली का आयोजन

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। बाकरा रोड अंबेडकर नगर स्थित जीबी मोदी विद्या मंदिर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा एक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लॉयंस क्लब से पधारे पदाधिकारियों ने प्रधानाचार्य मनीष कुमार माटोलिया को सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया और विद्यालय के सचिव श्रवण कुमार केजड़ीवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। रैली का आयोजन विद्यालय प्रांगण से स्थानीय ग्राम शिशियां तक था। इस दौरान विद्यार्थियों ने तिरंगे झंडे के साथ भारत माता की जय बोलते हुए वीर शहीदों के नारे लगाए और वीर शहीदों की प्रतिमाओं को नमन करते हुए पुष्प अर्पित किए।

कानोरिया कॉलेज में हर घर तिरंगा अभियान

तिरंगा रैली का आयोजन

सीमा सन्देश संवाददाता

मुकुंदगढ़। कानोरिया कॉलेज की एनएसएस एवं एनसीसी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. बीडी शर्मा ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।तिरंगा रैली के बाद एनसीसी प्रभारी विजेन्द्र सैनी के नेतृत्व में पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में पिंकी कुमावत ने प्रथम स्थान तथा मोनिका मीणा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर संस्था सहसचिव वीके बुधिया, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दीनदयाल, एनसीसी प्रभारी विजेन्द्र सैनी,गिरिजा शर्मा, दिव्या शर्मा, परवीन बानू, मेनका, खेल प्रशिक्षक राजकुमार शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

पिता के निधन से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, समाज ने बढ़ाया मदद का हाथ

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। ग्राम पंचायत बनेठी के पास भोपों की ढाणी में एक व्यक्ति की मौत के बाद परिवार पर दुखों के साथ आर्थिक संकट भी गहरा गया। मृतक अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। परिवार का भरण-पोषण मृतक की आय पर ही निर्भर था। ऐसे में उनकी मौत के बाद परिवार के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने का संकट खड़ा हो गया। परिवार की स्थिति की जानकारी चुरी निवासी महेश भगत को मिली तो उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से पीड़ित परिवार के लिए खाद्य सामग्री की व्यवस्था कराई।

GRIHUM

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 6वीं मंजिल, बी-बिल्डिंग, गंगा ट्रएनो बिजनेस पार्क, लोहेगांव, पुणे -411014

सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस

आप नीचे उल्लेखित ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/जमानतदारों ने गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड यहां इसके बाद सुरक्षित लेनदार के रूप में संदर्भित किया है को अपनी अचल संपत्ति/यों को गिरवी रखकर गृह ऋण/ऋण के खिलाफ संपत्ति सुविधा(ओं) का लाभ उठाया है। आपने भुगतान में चूक की और इसलिए, आपके ऋण/ों को गैर-निष्पादित आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया था। प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुर्नगठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत अंतिम ज्ञात पते पर बकाया की वसूली के लिए एक डिमांड नोटिस भेजा गया हालांकि वह बिना तामील के वापस आ गया। अतः आप पर वैकल्पिक सेवा के माध्यम से, जिसके तथ्य प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 13(2) के सहपठित अधिनियम की धारा 3(1) के अनुसार यहां प्रकाशित किए जा रहे है।
ऋणधारकों,सह-ऋणधारकों,जमानतदारों, प्रतिभूतियों, बकाया देय राशि को धारा 13(2) के तहत भेजे गए डिमांड नोटिस और उसके तहत दावा की गई राशि का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	ऋणधारक, सह-ऋणधारक, जमानतदार के नाम और ऋण राशि	सुरक्षित आस्तियों का विवरण	डिमांड नोटिस तिथि राशि बकाया रुपये में
1	विजय, रानी ऋण राशि: रु. 3,28,200/- ऋण खाता संख्या: HF0060H21100148	खसरा नंबर 108, ग्राम-गिरधरकी, तहसील-तिजारा, जिला-अलवर, (राजस्थान) में स्थित संपत्ति के समस्त खण्ड व हिस्से, (माप 103.6 वर्ग यार्ड)। भूखंड की सीमाएं: पूर्व - मुन्नी देवी का प्लॉट, पश्चिम - प्रेमचंद का प्लॉट, उत्तर - नरेश का प्लॉट, दक्षिण - रास्ता।	10.08.2026 रु. 422424/- (रुपये चार लाख बाइस हजार चार सौ चौबीस मात्र) भुगतान तक आगामी ब्याज @16.45 % प्रति वर्ष सहित
2	खालिद खालिद, अरफिना अरफिना, अय्यूब अय्यूब, असिनी असिनी ऋण राशि: रु. 15,00,000/- ऋण खाता संख्या: LAP066620000005040119	खसरा नंबर 286, 293, ग्राम-थानाघोड़ा, तहसील-किशनगढ़ बास, जिला-खैरथल तिजारा पर स्थित संपत्ति के सभी खण्ड व हिस्से। अधिमापन 475 वर्ग यार्ड। भूखंड की सीमाएं: पूर्व - आम रास्ता, पश्चिम - इल्लम का मकान, उत्तर - इलियास का मकान, दक्षिण - आम रास्ता।	10.08.2026 रु. 1523233/- (रुपये पंद्रह लाख तेईस हजार दो सौ तैंतीस मात्र) भुगतान तक आगामी ब्याज @11.2 % प्रति वर्ष सहित
3	नवल किशोर शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, मोसमी देवी, बाबूलाल शर्मा, गुलाब देवी ऋण राशि: रु. 12,50,000/- ऋण खाता संख्या: LAP058120000005002963	खसरा नंबर 326 के 1/12 हिस्से का भाग, ग्राम भेडोली, तहसील सैंथल, जिला दौसा (राजस्थान) में स्थित 1/12 के भाग प्लाट के समस्त खण्ड व हिस्से, माप 541.66 वर्ग यार्ड सभी खण्ड व हिस्से। भूखंड की सीमाएं: पूर्व - आम रास्ता, पश्चिम - रामकरण शर्मा का मकान, उत्तर - रामकरण की तरफ 12 फीट का रास्ता, दक्षिण - स्वयं की भूमि।	10.08.2026 रु. 1251352/- (रुपये बारह लाख इक्यावन हजार तीन सौ बावन मात्र) भुगतान तक आगामी ब्याज @15.45 % प्रति वर्ष सहित
4	रतन पुरी गोस्वामी, गीता देवी गोस्वामी ऋण राशि: रु. 5,00,000/- ऋण खाता संख्या: HM0201H18100073	ग्राम सोपुरा, ग्राम पंचायत सेंथुरिया, पंचायत समिति सुवाना, जिला भीलवाड़ा-राजस्थान में स्थित आवासीय संपत्ति, प्लॉट नंबर शून्य (पट्टा नंबर 03), श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री रतन पुरी गोस्वामी के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन 1305 वर्ग फीट। मकान की सीमाएं: पूर्व - रतनी/सोहन गुर्जर, पश्चिम - मांगू पुरी/नंद लाल पुरी, उत्तर - सार्वजनिक रास्ता, दक्षिण - देवस्थान।	10.08.2026 रु. 479651/- (रुपये चार लाख उन्यासी हजार छह सौ इक्यावन मात्र) भुगतान तक आगामी ब्याज @17.7 % प्रति वर्ष सहित
5	सुभाष मीणा, बंशीधर मीणा, नीतू नीतू ऋण राशि: रु. 12,40,000/- ऋण खाता संख्या: LAP062320000005041845	ग्राम पंचायत अनंतपुरा (जैतपुरा), पंचायत समिति गोविंदगढ़, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित आवासीय पट्टा नंबर 10, क्षेत्र 110, बुक नंबर 9, क्षेत्रफल 135.75 वर्ग गज का समस्त खण्ड व हिस्से, सीमाएं: पूर्व - आम रास्ता, पश्चिम - गजानंद जांगिड़ का मकान, उत्तर - गजानंद जांगिड़ का बाड़ा, दक्षिण - कालूराम मीणा का मकान।	10.08.2026 रु. 1304453/- (रुपये तेरह लाख चार हजार चार सौ त्रेपन मात्र) भुगतान तक आगामी ब्याज @ 15.2 % प्रति वर्ष सहित
6	अली हुसैन, शगुफ्ता परवीन ऋण राशि: रु. 12,00,000/- ऋण खाता संख्या: HL001991000005005538	केसर विला, ग्राम आनंदपुरा, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान (खसरा नंबर 175 का भाग) में स्थित मकान/प्लॉट नंबर 01-ए, माप 600 वर्ग फीट सभी खंड व हिस्से। सीमाएं: पूर्व - प्लॉट नंबर 2, पश्चिम - आम सड़क, उत्तर - 30 फीट सड़क, दक्षिण - अन्य प्लॉट।	10.08.2026 रु. 1192226/- (रुपये ग्यारह लाख बान्वे हजार दो सौ छब्बीस मात्र) भुगतान तक आगामी ब्याज @ 13.2 % प्रति वर्ष सहित
7	सीताराम, धपा देवी, शंकर लाल जांगिड़ ऋण राशि: रु. 10,30,856/- ऋण खाता संख्या: HM0052H17100101	ग्राम बसखोह, ग्राम पंचायत बसखोह, पंचायत समिति बस्सी, जयपुर (राजस्थान) में स्थित पट्टा नंबर 92 पर स्थित संपत्ति, अधिमापन 196.98 वर्ग यार्ड के समस्त खण्ड व हिस्से, प्लॉट की सीमाएं: पूर्व - सड़क, पश्चिम - राजेंद्र, हरिमोहन सांभरिया आदि का मकान, उत्तर - सड़क, दक्षिण - सड़क, राजेंद्र कुमार एवं प्रभात बंदूक्या, श्री नारायण व अन्य का मकान	10.08.2026 रु. 390268/- (रुपये तीन लाख नब्बे हजार दो सौ अडसठ मात्र) भुगतान तक आगामी ब्याज @ 15.5 % प्रति वर्ष सहित
8	जनक सिंह, सायर देवी, संतोष देवी ऋण राशि: रु. 7,10,000/- ऋण खाता संख्या: LAP066620000005052233	खसरा नंबर 290/86, ग्राम गोठड़ी पुरोहितान, तहसील लक्ष्मणगढ़, जिला अलवर में स्थित प्लॉट नंबर 1, क्षेत्रफल 233.33 वर्ग यार्ड के समस्त खंड व हिस्से। प्लॉट की सीमाएं: पूर्व - डोनर फार्म, पश्चिम - हरपाल सिंह का फार्म, उत्तर - हरपाल सिंह का फार्म, दक्षिण - रास्ता।	10.08.2026 रु. 802482/- (रुपये आठ लाख दो हजार चार सौ ब्यासी मात्र) भुगतान तक आगामी ब्याज @ 19.2 % प्रति वर्ष सहित
9	गोविंदा गोविंदा, शिमला शिमला, मगन लाल ऋण राशि: रु. 8,00,000/- ऋण खाता संख्या: HL006660000005036133	खसरा नंबर 1091/1802, ग्राम-ईशवाना, तहसील-रैन्नी, जिला-अलवर में स्थित संपत्ति, क्षेत्रफल 597.66 वर्ग यार्ड के समस्त खंड व हिस्से। प्लॉट की सीमाएं: पूर्व - मल्लाराम प्रजापत की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - कालूराम की कृषि भूमि, दक्षिण - घनश्याम आदि की भूमि।	10.08.2026 रु. 880847/- (रुपये आठ लाख अस्सी हजार आठ सौ सैंतालीस मात्र) भुगतान तक आगामी ब्याज @ 16.45 % प्रति वर्ष सहित
10	बलवंत, कविता देवी, देशराज यादव ऋण राशि: रु. 12,50,000/- ऋण खाता संख्या: HF0060H20100292	पट्टा नंबर 1, बुक नंबर 26, ग्राम-गुटा, तहसील-बानसूर एवं जिला-अलवर (राजस्थान) में स्थित मकान/प्लॉट (क्षेत्रफल 360.6 वर्ग गज) के समस्त खंड व हिस्से, प्लॉट की चार सीमाएं: पूर्व - सुरेंद्र/जगदीश का मकान, पश्चिम - सड़क, उत्तर - मोहर सिंह/लाल चंद का मकान, दक्षिण - हरिराम एवं लाला राम का मकान।	10.08.2026 रु. 1317608/- (रुपये तेरह लाख सत्रह हजार छह सौ आठ मात्र) भुगतान तक आगामी ब्याज @ 15.2 % प्रति वर्ष सहित
11	रमेश चंद मीणा, रामपति, रामकरण मीणा कुल ऋण राशि: रु.13,75,000/- ऋण खाता संख्या: LAP069920000005060565 में शामिल रु. 125000/- और ऋण खाता संख्या: LAP062320000005025220 में शामिल रु. 12,50,000/-	ग्राम झार, पटवार हल्का झार, तहसील बस्सी, जिला जयपुर, राजस्थान के खसरा सं. 102 के भाग 1/24 पर प्लाट नाप 168.53 वर्ग यार्ड्स के समस्त खण्ड व हिस्से। प्लॉट की सीमाएं: पूर्व - स्वयं की भूमि एवं 15 फीट आम रास्ता, पश्चिम - 10 फीट आम रास्ता, उत्तर - श्री महेंद्र का मकान, दक्षिण - स्वयं की भूमि।	10.08.2026 ऋण खाता सं. LAPX069920000005060565: रु. 152405/- (रुपये एक लाख बावन हजार चार सौ पांच मात्र) भुगतान तक आगामी ब्याज @17.85 % प्रति वर्ष सहित ऋण खाता सं. LAPX062320000005025220: रु. 1326890/- (रुपये तेरह लाख छब्बीस हजार आठ सौ नब्बे मात्र) भुगतान तक आगामी ब्याज @15.2 % प्रति वर्ष सहित

आप ऋणी और सह-ऋणधारक(ों)/जमानतदारों से इस नोटिस के 60 दिनों के भीतर उपरोक्त मांग की गई राशि का और पूरे ब्याज के साथ भुगतान करने के लिए कहा जाता है, विफल होने पर अधोहस्ताक्षरी उपरोक्त आस्ति/यों को प्रत्याभूत करने के लिए अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, इस बीच, आपको हमारी सहमति के बिना उपरोक्त संदर्भित प्रतिभूतियों को बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से स्थानांतरित करने से रोक दिया गया है।

किसी भी स्थिति में यदि स्थानीय भाषा में प्रकाशित समाचार पत्र और अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित समाचार पत्र की सामग्री में कोई अंतर हो, तो इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र की सामग्री ही मान्य होगी।

स्थान: राजस्थान
तिथि : 15.08.2026

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

सन्देश: डीपीएस ने देशभक्ति से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा निकाली

सीमा सन्देश संवाददाता

नवलगढ़। डूण्डलोद पब्लिक स्कूल झुंझुनूं के विद्यार्थियों ने देशभक्ति के रंग में रंगी तिरंगा यात्रा निकाली।

प्राचार्य डॉ सतबीर सिंह ने बताया कि लगभग 60 विद्यार्थियों का दल हाथों में राष्ट्रीय ध्वज एवं प्रेरक नारे लिखीं तख्तियां लिए व दिल में समृद्ध राष्ट्र निर्माण का जुनून लिए शहर के व्यस्तम स्थानों से गुजरा। हर देशवासी तक राष्ट्र सर्वप्रथम, राष्ट्रीय एकता, देशप्रेम एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध का संदेश पहुंचाया। यह रैली ऑल ऑवर इन्चार्ज लीलावती के नेतृत्व में गांधी चौक से चलकर अपने गंतव्य स्थान शहीद स्मारक पर पहुंची। लगभग दो किलोमीटर की दूरी तय की गई। बच्चों का जोश व उत्साह हर कदम के साथ बढ़ता गया। विद्यालय के दस अन्य शिक्षकगणों ने इसे सफल बनाने के लिए अपना सहयोग दिया। संस्था सचिव बीएल रणवां ने रैली द्वारा दिए गए विराट संदेश की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां भी शिक्षा प्रसार का अह्म माध्यम हैं। आज के युग में जहां हम अपने कर्तव्यों के प्रति उतने सजग नहीं हैं, यह रैली एक प्रेरक संदेश का काम करेगी।

नगर निकाय आम चुनाव 2026 के लिए आरक्षण लॉटरी 17 अगस्त को

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली-बहरोड़ । नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 के तहत नगर परिषद कोटपूतली-बहरोड़ एवं जिले में सम्मिलित समस्त नगर पालिकाओं के सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों के पदों के आरक्षण निर्धारण एवं आवंटन के लिए लॉटरी कार्यक्रम 17 अगस्त 2026 को आयोजित किया जाएगा। स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 एवं राजस्थान नगरपालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के प्रावधानों के तहत आरक्षण निर्धारण एवं आवंटन की कार्यवाही की जाएगी। आरक्षण लॉटरी 17 अगस्त 2026 (सोमवार) को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक जिला कलेक्टर कार्यालय, कोटपूतली-बहरोड़ स्थित जिला कलेक्टर सभागार में आयोजित होगी।लॉटरी के माध्यम से नगर परिषद कोटपूतली,बहरोड़ तथा जिले में सम्मिलित समस्त नगर पालिकाओं के सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों के पदों के लिए आरक्षण का निर्धारण एवं आवंटन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने संबंधित नागरिकों एवं इच्छुक व्यक्तियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर आरक्षण लॉटरी प्रक्रिया का अवलोकन करने की अपील की है।

बनेठी गोशाला में गो-सवामणी का आयोजन

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम बनेठी की श्री गोपाल गोशाला में शुक्रवार को जयसिंह सूबेदार की ओर से लगातार दूसरे दिन गो-सवामणी का आयोजन किया गया। इस दौरान गोवंश को दलिया व गुड़ खिलाया गया तथा गोशाला में पहुंचे आगंतुकों को अल्पाहार भी कराया गया। दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि 13 अगस्त को जयसिंह सूबेदार की धर्मपत्नी व 14 अगस्त को माताजी की पुण्यतिथि पर लगातार दो दिन तक गो-सवामणी करवाई गई। इस मौके पर विश्वनाथ शर्मा गुरुजी, मानसिंह मास्टर, गोशाला अध्यक्ष बलबीर मास्टर, सचिव संतोष स्वामी, भीम सिंह, सचिन, बेगराज सिंह, देवीसिंह, सुरेंद्र सिंह पीटीआई, दिलीप सिंह, हंसराज यादव, रामौतार सिंह, राजपाल सिंह, बाबूलाल स्वामी, तोताराम मास्टर, इंद्र शर्मा, नेकीराम, सुरेश सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर महिला योग ध्यान केंद्र में गूंजे देशभक्ति के स्वर

सीमा सन्देश संवाददाता

चिड़ावा। कस्बे मे स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तक्षशिल टावर स्थित महिला योग ध्यान केंद्र में देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने देशभक्ति गीतों एवं विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रदर्शित किया।कार्यक्रम में सरोज, कृष्णा, मुन्नी, काजल, आशा, शशि, पंकज, सलोनी, सुनीता, अनिता, रश्मि, ममता, सलोनी, शशि कोकचा, ऊषा एवं ज्योति सहित अन्य महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया। महिलाओं ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं देश के वीर शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्रहित में एकजुट रहने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का संचालन पुष्पा जांगिड़ ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने देशभक्ति के माहौल में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या मनाई।

22 अवैध केबल हटाईं, बिजली चोरी पर शिकंजा

कोटपूतली। नारेहड़ा विद्युत विभाग की ओर से बकाया राजस्व वसूली और अवैध केबल हटाने का अभियान लगातार जारी है।

शुक्रवार को नारेहड़ा विद्युत उपखंड की टीम ने सुजातनगर और नारेहड़ा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर 22 अवैध केबल हटाईं। सहायक अभियंता चंदन स्वैन ने बताया कि अवैध केबल के कारण विद्युत दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है और विद्युत चोरी से विभाग को राजस्व नुकसान होता है। सहायक अभियंता ने आमजन से अपील की कि अवैध केबल के माध्यम से बिजली का उपयोग करने के बजाय नियमानुसार विद्युत कनेक्शन लेकर ही बिजली का इस्तेमाल करें। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में सोलर संयंत्र लगवाने के लिए भी प्रेरित किया और राज्य सरकार की सोलर संबंधी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। विद्युत विभाग की ओर से अवैध केबल हटाने और बकाया राजस्व वसूली की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अभियान का उद्देश्य विद्युत दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के साथ बिजली चोरी पर अंकुश लगाना और विभाग को होने वाली राजस्व हानि को कम करना है।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत छात्राओं को बांटे तिरंगे

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत सरूंड के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को विद्यार्थियों को तिरंगे वितरित किए गए। विद्यार्थियों ने अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संकल्प लिया। पैरा लीगल वालंटियर दीक्षा शर्मा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल है। सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों सहित विभिन्न संस्थानों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यार्थियों को तिरंगे वितरित किए गए। तिरंगा वितरण कार्यक्रम सैनिक कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक रवि शर्मा के सहयोग से आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला।

Office Of The Gram Panchayat Khedla Panchayat Samiti Pilani

Sr.N.:-64-67 Date: 14/08/2026
Open Tender for Civil Works In Panchayat
NIB Code :- ZJU2627A0576
UBN Code :-2627WSOB01144
For More Details Works And Terms & Conditions See Web Site https://sppp.rajasthan.gov.in

Village development Officer Gram Panchayat Khedla
Administrater Gram Panchayat Khedla

Office Of The Gram Panchayat Khudia Panchayat Samiti Pilani

Sr.N.:- 100 Date: 14.08.2016
Open Tender for Civil Works In Panchayati Raj Rules 181
NIB Code :- ZJU2627A0585
UBN Code :-ZJU2627WSOB01155
For More Details Works And Terms & Conditions See Web Site https://sppp.rajasthan.gov.in

Village development Officer Gram Panchayat Khudia
Administrater Gram Panchayat Khudia

GRIHUM

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : छठी मंज़िल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रएनो, लोहेगाँव, पुणे, महाराष्ट्र 411014 शाखा कार्यालय यूनिट: पहली मंज़िल, दुकान नंबर 131, गोविंदम कॉम्प्लेक्स, ओल्ड आरटीओ रोड, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001

ई-नीलामी- बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** और (इसके बाद अधिनियम के अनुसार 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।

सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है'के आधार पर ई नीलामी से 31.08.2026 को बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट: **https://www.bankeauctions.com.** पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी **www.grihumhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें।

क्र सं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी)	कब्जे का प्रकार(सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित राशि (ई)	ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि(जी)	बोली वृद्धि (एच)	सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के)
1.	ऋण संख्या: LAP06672000000050 19428 भीम सिंह राजपूत (ऋणधारक) सूरज कंवर (सह-ऋणधारक) जसवंत सिंह राजपूत	नोटिस दिनांक: 09-07-2025 कुल बकाया: रु. 1399773/- (रुपये तेरा लाख निन्यानवे हजार सात सौ तिहत्तर मात्र) 09-07-2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 15.35 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	गांव जोजवा, ग्राम पंचायत जोजवा, पंचायत समिति मांडलगढ़, जिला भीलवाड़ा (राज.) स्थित पट्टा-18 के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन 1120.00 वर्ग फीट्स (जिसे इसके बाद उक्त संपत्ति कहा जाएगा)। चार सीमाएं इस प्रकार हैं:- पूर्वः श्री भेरू व श्री रामेश्वर पुत्र श्री जानकी लाल सेन की संपत्ति पश्चिमः आम रास्ता उत्तरः श्री मांगी लाल पुत्र श्री मधु लाल सोढानी की संपत्ति दक्षिणः आम रास्ता	रु. 1548400.00/- (रुपये पंद्रह लाख अड़तालीस हजार चार सौ मात्र)	रु. 154840.00/- (रुपये एक लाख चौवन हजार आठ सौ चालीस मात्र)	28.08.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	24.08.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	31.08.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
2	ऋण संख्या: LAP06662000000050 47742 बृजेश कुमार (ऋणधारक) दया नंद (सह- ऋणधारक)	नोटिस दिनांकः 10-03-2025 कुल बकायाः रु. 602165/- (रुपये छह लाख दो हजार एक सौ पैंसठ मात्र) 10-03-2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 19.35 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	ग्राम- सिरथला, ग्राम पंचायत- सिरथला, पंचायत समिति- नगर व जिला- भरतपुर (राज.) स्थित पट्टा नं.- 54, बुक नं. 345 के समस्त खण्ड व हिस्से (माप 206.22 वर्ग गज) (जिसे इसके बाद उक्त संपत्ति कहा जाएगा)। भूखंड की चार सीमाएं:- उत्तरः बृजेश की स्वयं की भूमि दक्षिणः सड़क पूर्वः कमल का मकान पश्चिमः सुमन सैन का मकान	रु. 741440.00/- (रुपये सात लाख इकतालीस हजार चार सौ चालीस मात्र)	रु. 74144.00/- (रुपये चौहत्तर हजार एक सौ चवालीस मात्र)	28.08.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	24.08.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	31.08.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
3	ऋण संख्या: LAP06662000000050 47799 गायत्री गायत्री (ऋणधारक) अतर सिंह (सह-ऋणधारक)	नोटिस दिनांकः 07-01-2025 कुल बकायाः रु. 1105204/- (रुपये ग्यारह लाख पांच हजार दो सौ चार मात्र) 07-01-2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 16 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	खसरा नं. 572, 573 ग्राम चिरावलीमाली, तहसील नगर, जिला भरतपुर स्थित संपत्ति के समस्त खण्ड व हिस्से, क्षेत्रफल 8050 वर्ग फीट्स। भूखंड की सीमाएं:- पूर्वः बलजीत का मकान पश्चिमः स्वयं की भूमि उत्तरः आम रास्ता दक्षिणः स्वयं की भूमि	रु. 1407351.00/- (रुपये चौदह लाख सात हजार तीन सौ इकावन मात्र)	रु. 140735.10/- (रुपये एक लाख चालीस हजार सात सौ पैंतीस रुपये और दस पैसे मात्र)	28.08.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	24.08.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	31.08.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
4	ऋण संख्या: LAP06662000000050 30316 कश्मीरा कश्मीरा (स्वर्गीय कासम कासम की पत्नी एवं कानूनी वारिस) (ऋणधारक) (सह- ऋणधारक)	नोटिस दिनांकः 10-03-2025 कुल बकायाः रु. 431222/- (रुपये चार लाख इकतीस हजार दो सौ बाईस मात्र) 10-03-2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 16.35 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	ग्राम- हुसनपुर, ग्राम पंचायत जयश्री, पंचायत समिति नगर व जिला- भरतपुर (राज.) स्थित पट्टा नं. 36, बुक नं. 03 के समस्त खण्ड व हिस्से (माप 224.57 वर्ग गज) (जिसे इसके बाद उक्त संपत्ति कहा जाएगा)। भूखंड की चार सीमाएं:- उत्तरः हामिद का मकान दक्षिणः आजाद का मकान पूर्वः खुली भूमि/सड़क पश्चिमः आजाद का मकान	रु. 1315888.00/- (रुपये तेरह लाख पंद्रह हजार आठ सौ अट्ठासी मात्र)	रु. 131588.80/- (रुपये एक लाख इकतीस हजार पांच सौ अट्ठासी रुपये और अस्सी पैसे मात्र)	28.08.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	24.08.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	31.08.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
5	ऋण संख्या: LAP06662000000050 43877 और HL00666200000050 36586 नरेन्द्र मीणा (ऋणधारक) हीरा बाई मीणा (सह-ऋणधारक)	नोटिस दिनांकः 10-09-2025 कुल बकायाः रु. 2006915/- (LAP066620000005043877 में रु. 556507.00/- एवं HL006662000005036586 में रु. 1450408.00/- की बकाया राशि शामिल) 10-09-2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक क्रमशः 15.35 प्रतिशत एवं 12.85 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	खसरा नं. 1937, ग्राम- अलवर नं. 2, तहसील व जिला अलवर स्थित संपत्ति संख्या 94 के समस्त खण्ड व हिस्से, क्षेत्रफल 182.59 वर्ग गज। भूखंड की सीमाएं:- पूर्वः सड़क पश्चिमः प्लॉट नं. 93 उत्तरः प्लॉट नं. 95 दक्षिणः सड़क	रु. 4261714.00/- (रुपये बयालीस लाख एकसठ हजार सात सौ चौदह मात्र)	रु. 426171.40/- (रुपये चार लाख छब्बीस हजार एक सौ इकहत्तर रुपये और चालीस पैसे मात्र)	28.08.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	24.08.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	31.08.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
6	ऋण संख्या: HFY0199H21100429 शेफाज खान (ऋणधारक) सुल्ताना (सह-ऋणधारक)	नोटिस दिनांकः 09-03-2026 कुल बकायाः रु. 1074661/- (रुपये दस लाख चौहत्तर हजार छह सौ एकसठ मात्र) 09-03-2026 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 14.1 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	ग्राम आनंदपुरा, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा (राजस्थान) स्थित आदर्श नगर के खसरा नं. 419/274 (दक्षिण), 421/275 (दक्षिण) के भाग का प्लॉट नं. 21 (कॉर्नर) के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन 600 वर्ग फीट्स। भूखंड की सीमाएं:- पूर्वः प्लॉट नं. 20 पश्चिमः सड़क 25 फीट उत्तरः प्लॉट नं. 22 दक्षिणः सड़क 30 फीट	रु. 839126.00/- (रुपये आठ लाख उनतालीस हजार एक सौ छब्बीस मात्र)	रु. 83912.60/- (रुपये तिरासी हजार नौ सौ बारह रुपये और साठ पैसे मात्र)	28.08.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	24.08.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	31.08.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
7	ऋण संख्या: LAP06662000000050 42300 शेर सिंह (ऋणधारक) हंसा कुमारी (सह- ऋणधारक) कांता कांता	नोटिस दिनांकः 08-08-2025 कुल बकायाः रु. 1005123/- (रुपये दस लाख पांच हजार एक सौ तेईस मात्र) 08-08-2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 15.35 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	ग्राम नैनापुर, तहसील लक्ष्मणगढ़, जिला अलवर, राजस्थान स्थित खसरा नं. 746/349 के आवासीय भूखंड के समस्त खण्ड व हिस्से, माप 451.38 वर्ग गज। मकान/भूखंड की सीमाएं:- पूर्वः रमेश की भूमि पश्चिमः सोहन लाल की भूमि उत्तरः रमेश का मकान दक्षिणः 12 फीट रास्ता	रु. 1220888.00/- (रुपये बारह लाख बीस हजार आठ सौ अट्ठासी मात्र)	रु. 122088.80/- (रुपये एक लाख बाइस हजार अट्ठासी रुपये और अस्सी पैसे मात्र)	28.08.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	24.08.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	31.08.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
8	ऋण संख्या: LAP01992000000050 06251 और HF0199H20100193 तोशिब मोहम्मद असलम (ऋणधारक) नजमा मोहम्मद असलम (सह- ऋणधारक) नजमा	नोटिस दिनांकः 07-06-2025 कुल बकायाः रु. 1585650/- (LAP019920000005006251 में रु. 499627.00/- एवं HF0199H20100193 में रु. 1086023.00/- की बकाया राशि शामिल) 07-06-2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक क्रमशः 15.35 प्रतिशत एवं 14.85 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	शिव विहार सेकंड ग्राम आनंदपुरा, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान स्थित खसरा नं. 190 के भाग का मकान/प्लॉट नं. '28' के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन 800 वर्ग फीट्स। मकान/भूखंड की सीमाएं:- पूर्वः आम रास्ता 30 फीट चौड़ा पश्चिमः प्लॉट नं. 46 उत्तरः प्लॉट नं. 29 दक्षिणः अन्य भूमि	रु. 1360000.00/- (रुपये तेरह लाख साठ हजार मात्र)	रु. 136000.00/- (रुपये एक लाख छत्तीस हजार मात्र)	28.08.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	24.08.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	31.08.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड **पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क -व्यक्ति धारनी पी, ईमेल आईडी- dharani.p@c1inida.com संपर्क नंबर- 9948182222** से अग्रिम रूप से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर-411014 'गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के नीलामी आय खाता **बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-091551000028 और आईएफएससी कोड- ICIC0000915** के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है, 28.08.2026 को **कॉलम (जी) में उल्लेखित** को या उससे पहले किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर आहरित किया और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए **यहां पता -पताः पहली मंज़िल, दुकान नंबर 131, गोविंदम कॉम्प्लेक्स, ओल्ड आरटीओ रोड, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001 मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई-मेल आईडी p.adith@grihumhousing.com** को ई-मेल व स्व-अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता है। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नियम व शर्तों के अधिक विवरण के लिए कृपया https://www.bankeauctions.com या **www.grihumhousing.com** पर जाएं।

यह सूचना ऋणधारक/सह-ऋणधारक/बंधककर्ता(ओं) जमानतदार(ों) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम - 2002 के के नियम 8(6) के अधीन 15/30 दिनों के नोटिस के रूप में भी ली जाये।

किसी भी स्थिति में, अगर स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी अखबार के प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर होता है, तो 'द इंडियन एक्सप्रेस' में प्रकाशित अंग्रेजी अखबार की सामग्री ही मान्य होगी।

दिनांक: 15.08.2026, स्थान: राजस्थान
हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड